आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.07.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। इसी दिन वर्ष 1927 में मुंबई से देश का पहला रेडियो प्रसारण शुरू हुआ था।
2. मत्स्य पालन विभाग, की ओर से कल फिश लैंडिंग सेंटर में घोस्ट नेट हटाओ अभियान चलाया गया।
3. अंतर्राष्ट्रीय 'मिशन शक्तिसैट' कार्यक्रम के लिए मॉडल स्कूल की छात्रा सुजाता लाल को राष्ट्रीय फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया है।
4. मध्य अंडमान वन प्रभाग की ओर से 25 जुलाई को मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। इसी दिन वर्ष 1927 में मुंबई से देश का पहला रेडियो प्रसारण शुरु हुआ था। बाद में वर्ष 1936 में ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना हुई और 1956 में इसका नाम आकाशवाणी रखा गया। इसके बाद 1957 में लोकप्रिय फिल्म संगीत के साथ विविध भारती सेवा की शुरुआत हुई। रेडियो ने आजादी की लड़ाई से लेकर देश के विकास तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और जन–जागरूकता के क्षेत्र में आकाशवाणी ने लोगों तक सही और विश्वसनीय जानकारी पहुंचाई है। आज भी ध्येय वाक्य 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के साथ सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के क्षेत्र में आकाशवाणी की सेवाएं जारी हैं।

<><><><><><><>

सतत मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिए मत्स्य पालन विभाग, की ओर से कल फिश लैंडिंग सेंटर में घोस्ट नेट हटाओ अभियान चलाया गया। विभाग ने कहा कि समुद्री मत्स्य संसाधनों के दीर्घकालिक सतत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए क्षतिग्रस्त जालों का उचित निपटान और जिम्मेदार मत्स्य पालन प्रथाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इव अवसर पर मछुआरों को घोस्ट नेट के दुष्प्रभावों पर जानकारी देते हुए उन्हें अनुपयोगी जालों को वैज्ञानिक निपटान के लिए निर्धारित संग्रह केंद्रों पर जमा करने की सलाह दी गई। मत्स्य पालन विभाग ने सभी मछुआरों, मछली व्यापारियों और हितधारकों से इस तरह की संरक्षण पहलों में भाग लेने और भावी पीढ़ियों के लिए समुद्री जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार मत्स्य पालन प्रथाओं को अपनाने की अपील की है।

<><><><><><><>

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 आज से स्कॉटलैंड के ग्लासगो में शुरू होंगे, जो 2 अगस्त तक जारी रहेंगे। इस बार प्रतियोगिता में 74 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारतीय दल के सदस्यों की संख्या 125 है।

ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स में 10 खेलों को शामिल किया गया है, जिनमें एथलेटिक्स, तैराकी, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग और जूडो प्रमुख हैं। पिछले कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने 61 पदक जीते थे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति की ओर से 'युवाओं पर संयुक्त कार्य समूह' की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों के रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारियों के साथ 'माय भारत केंद्र' के परियोजना समन्वयक ने भाग लिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा ने पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से एचआईवी जागरूकता गतिविधियों को संचालित करने में समर्पित प्रयासों के लिए सभी RRC नोडल अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने खेल और युवा मामले विभाग, शिक्षा विभाग और माय भारत केंद्र जैसे विभागों व संस्थानों के साथ ANACS के अधिक से अधिक समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। आई ई सी की उप निदेशक डॉ. जहांआरा यासमीन, ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026–27 के दौरान कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित RRC गतिविधियों और कार्यक्रमों को रेखांकित किया।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय 'मिशन शक्तिसैट' कार्यक्रम के लिए द्वीपसमूह के सरकारी मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अबरडीन की दसवीं कक्षा की छात्रा सुजाता लाल को राष्ट्रीय फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया है। वे 22 से 31 अगस्त तक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेंगी। इस कार्यशाला के दौरान, वह भारत और अन्य देशों के प्रतिभागियों के साथ मिलकर उपग्रह डिजाइन, अंतरिक्ष विज्ञान और नवाचार में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। मिशन शक्तिसैट कार्यक्रम के तहत, छात्रों द्वारा डिजाइन और विकसित किए गए दो मून सैटेलाइट को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा 11 अक्टूबर को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। सुजाता लाल ने अपने विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से इस मिशन में पंजीकरण कराया था।

<><><><><><><>

77वें वन महोत्सव के हिस्से के रूप में, मध्य अंडमान वन प्रभाग 25 जुलाई को 'पौधे लगाओ, पृथ्वी बचाओ' विषय के तहत एक मिनी मैराथन का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वन संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। यह प्रतियोगिता सभी के लिए खुली है। मैराथन फॉरेस्ट चेक पोस्ट, रंगत से शुरू होकर विभागीय वन अधिकारी कार्यालय में सम्पन्न होगी। विभागीय वन अधिकारी विकास यादव ने सभी से इस मैराथन में भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए अतिथि संकाय की अस्थाई योग्यता सूची कॉलेज और प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। दावे या आपत्तियां ई–मेल या व्हाट्सऐप नम्बर 9474246265 के माध्यम से 25 जुलाई तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग अंशकालिक कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात कर शिक्षा विभाग के स्वीकृत पदों के अंशकालिक आधार पर कार्यरत अंशकालिक क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर्स, प्री–प्राइमरी टीचर्स, प्री–प्राइमरी आयाओं और अटेंडेंट्स के वेतन में संशोधन करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में मुख्य सचिव को सौंपे गए पत्र कहा गया है कि पिछले तीन वर्षों से उनके वेतन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुख्य सचिव ने इस मामले का प्रशासन द्वारा नियमानुसार परीक्षण करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए आवश्यकता के आधार पर विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों की अनंतिम वरीयता सूची अपलोड कर दी है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां ई–मेल के माध्यम से ऑफलाइन मोड पर आज शाम 3 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। अंतिम वरीयता सूची 27 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी।

<><><><><><><>

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 'मिशन शक्ति' के तहत समाज कल्याण निदेशालय, की ओर से वन स्टॉप सेंटर ने विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की। इन कार्यक्रमों के माध्यम से वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं, महिला हेल्पलाइन, महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता, साइबर सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा की रोकथाम, तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम,

2013 के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, जिसमें चिकित्सा, पुलिस, कानूनी सहायता, अस्थायी आश्रय, मनोवैज्ञानिक परामर्श और पुनर्वास सहायता शामिल है। पीड़ित महिलाएं नजदीकी OSC से संपर्क कर सकती हैं। दक्षिण अंडमान में जंगलीघाट, मध्योत्तर अंडमान के मायांबदर में जोनल लाइब्रेरी भवन, और निकोबार में पेरका मुख्यालय में वन स्टॉप केन्द्र सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

<><><><><><><>